भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 701

04 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए

तमिलनाडु में अमृत 2.0 की स्थिति

701. श्री मलैयारासन डी.:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु में अमृत 2.0 की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसमें शामिल शहरों की तथा विशेषकर कल्लाकुरिची लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या कितनी है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु में उक्त मिशन के अंतर्गत कुल कितनी धनराशि आवंटित, जारी और उपयोग की गई;

(ग) जल आपूर्ति, सीवरेज, जल निकासी, हरित क्षेत्र और शहरी परिवहन जैसी पूर्ण हो चुकी और कार्यान्वयनाधीन शहरी अवसंरचना परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या परियोजना के निष्पादन में किसी विलंब अथवा कमी की सूचना मिली है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) समाज के सभी वर्गों, जिनमें पिछड़े समुदाय भी शामिल हैं, के लिए बेहतर शहरी सुविधाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (घ) अमृत 2.0 के तहत, तमिलनाडु में कुल 666 शहरी स्थानीय निकाय शामिल हैं, जिनमें कल्लाकुरिची लोकसभा क्षेत्र के अट्टूर, कल्लाकुरिची, गंगावल्ली, मनालुरपेट, तियागदुर्गम, उलुंदुरपेट, चिन्नासलेम, वडक्कनंडल और शंकरपुरम शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) शामिल हैं। तमिलनाडु में, 4,942 करोड़ रुपए के केंद्रीय आवंटन सहित 14,687.83 करोड़ रुपए (संचालन और रखरखाव लागत सहित) की कुल परियोजना लागत वाली 1,270

परियोजनाएँ स्वीकृत की गई हैं। राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कल्लाकुरिची लोकसभा क्षेत्र में 28.11 करोड़ रुपए की लागत वाली 19 परियोजनाएँ कार्यान्वयन हेतु शुरू की गई हैं। अमृत 2.0 पोर्टल पर राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार तमिलनाडु राज्य में परियोजनाओं की क्षेत्र-वार स्थिति अनुलग्नक-I में दी गई है।

पिछले तीन वर्षों में अमृत 2.0 परियोजनाओं के लिए राज्य को जारी की गई कुल धनराशि और प्राप्त उपयोग प्रमाण पत्र नीचे दिए गए हैं:

(करोड़ रुपए में)

	2022-23	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26 (20.11.2025 को जारी किए गई मूल स्वीकृत राशि)**	**कुल**
जारी की गई केंद्रीय सहायता	रू. 398.13	रू. 447.73	रू. 769.07	रू. 600 करोड़	रू.2,214.92
प्राप्त हुए उपयोग प्रमाण पत्र	रू.398.13	रू. 447.73	रू. 763.97	-	रू.1,609.83

राज्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार, परियोजना के निष्पादन में अभी तक कोई देरी नहीं हुई है।

(ङ) अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन (अमृत) 2.0 मिशन शहरों को 'आत्मनिर्भर' और 'जल सुरक्षित' बनाने के उद्देश्य से 01 अक्टूबर, 2021 को सभी शहरी स्थानीय निकायों/शहरों में शुरू किया गया। देश भर के लगभग सभी 4,902 सांविधिक कस्बों/शहरों में जल की सार्वभौमिक कवरेज और 500 अमृत शहरों में सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन अमृत 2.0 के मुख्य कार्यक्षेत्र हैं। जलाशय पुनरुद्धार और हरित क्षेत्रों और पार्कों का विकास मिशन के दूसरे घटक हैं। मिशन दिशा-निर्देशों के विस्तृत फ्रेमवर्क के अनुसार अमृत 2.0 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को परियोजनाओं के चयन, मूल्यांकन, प्राथमिकता निर्धारण और कार्यान्वयन करने का अधिकार देता है। अमृत 2.0 में, परियोजना तैयार करते समय अनौपचारिक बस्तियों और कम-आय समहू के परिवारों पर विशेष रूप विचार किया जाता है। अमृत के तहत विकसित परियोजनाएँ उपेक्षित समुदायों के साथ-साथ क्षेत्र में रहने वाले सभी व्यक्तियों को लाभ पहुँचाती हैं।

*****

अनुलग्नक - I

“तमिलनाडु में अमृत 2.0 की स्थिति” के संबंध में दिनांक 04/12/2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 701 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I:

तमिलनाडु में परियोजनाओं की स्थिति
(राज्य द्वारा अमृत 2.0 पोर्टल पर दी गई जानकारी के अनुसार)

	पूर्ण की गई परियोजनाएँ		**कार्यान्वयन चरण में**		**शुरू की गई कुल परियोजनाएँ**		
क्षेत्र	**संख्या**	**राशि**	**संख्या**	**राशि**	**संख्या**	**राशि**	**भौतिक रूप से पूर्ण किए गए कार्य**
जलापूर्ति	8	148.06	190	5,845.19	198	5,993.26	4,347.00
सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन	3	306.11	26	5,668.56	29	5,974.67	2,662.70
जलाशय पुनरुद्धार	269	278.68	204	405.11	473	683.79	583.11
पार्क/हरित स्थानों का विकास	469	216.75	93	64.01	562	280.77	225.19
कुल योग	**749**	**949.61**	**513**	**11,982.88**	**1,262**	**12,932.49**	**7,818.00**